मेरे लफ़्ज़ों की गूंज

कवि
साहिल



भूमिका

प्रस्तुत कविता-संग्रह **'मेरे लफ़्ज़ों की गूंज'** कविवर **'साहिल'** के जीवन के उन सभी अनछूए, अप्रत्याशित और अकल्पनीय पहलुओं से परिचित करवाता है जिन्होंने इनके जीवन को सुख, दुख ,अभाव, संघर्ष और कमियों परिपूर्ण बनाकर उसके सुगम प्रवाह दिया। इन्होंने जितने भी अपने जीवन के उतार चढ़ाव देखे उन सभी का यथास्थिति प्रदान की है। ऐसी स्थिति **'दुख का वह समय'** कविता में दिखाई देती है —

"वो समय था जब हँसी भी रूठ गई,
खुशियों की राहें सब छूट गई।
हर पल लगता था भारी बोझ,
जैसे जीवन हो केवल एक खोज।"

इसी तरह इन्होंने अपने परिवार, माता-पिता, बहन , दादा और दादी, दोस्त तथा रिश्तेदारों के प्रति जो भावना अपनी कविताओं में प्रकट की है वह अनुपम है—-

"तूने मुझे पाला और नीचे गिरने पर उठाया मां,
जब भी ऐसा लगा कि मुझे किस चीज की जरूरत है,
तुमने सबसे पहले हाथ बढ़ाया मां"

— माँ

"बहन का प्यार है सबसे निराला,
जैसे जीवन में हो उजियाला।
उसकी हँसी है खुशियों का गीत,
उसकी बातें हैं दिल का मीत।"

— बहन

"दादा-दादी का प्यार है अनमोल,
उनसे मिलता है जीवन का गोल।
उनकी दुआएं हैं सबसे बड़ी दौलत,
उनका आशीर्वाद है सच्ची नियामत।"

"पिता हैं साहस की दीवार,
जो बचाते हैं 'साहिल' को हर बार।
गिरने न देते आँधी में,
खड़े रहते हैं चट्टान की तरह।"
—- पिता

कविवर ने अपनी कविताओं में बाहरी भावनाओं के साथ साथ हृदयगत भावनाओं जैसे प्रेम, अहसास, चरित्र, डर, उदासी, छल , द्वेष और ईर्ष्या आदि को भी प्रवाह देने का सफल प्रयास किया है:-

" दिल इतना कच्चा था,
तो धोखा जैसा ऐसा काम क्यों किया"

"अहसास वो धड़कन है,
जो किसी अपने के पास होने का इशारा देती है।"

"मेरी प्रियतमा है सुबह की किरण,
जो मिटा दे मन का हर भ्रम।
उसकी आंखों में झलकता है प्यार,
जैसे सागर में चमकते हों हजारों सितार।"

"सत्य और ईमानदारी की राह,
बनाती है जीवन को उज्ज्वल प्रवाह।
झूठ और छल से जो बचता है,
वही सच्चे सुख को रचता है।"

यही नहीं, कविवर **'साहिल'** का अपने देश और भाषा, साहित्य, संस्कृति, समाज और राजनीति के प्रति भी ध्यान केंद्रित रहता है। जहां वे समाज और संस्कृति के प्रति प्रेम प्रकट करते हुए दिखाई देते हैं तो वहीं पर वे इन पर व्यंग्य भी करते दिखाई देते हैं :-

"कलम बदल गई, स्याही बदल गई,
बदल गए सब रंग भाई,
पेड़ों को काटकर, बनाये थे जो पन्ने,
उन पर लिख रहे भ्रष्टाचार के सिपाही।"

"कमजोर लोग,
देश के युवाओं को शक्तिशाली,
बना पायेंगे कहां?"

दूसरी ओर इन्होंने अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए प्रकृति चित्रण का भी प्रयोग किया है। इन्होंने प्रकृति के विभिन्न पहलुओं को अपनी कविताओं में प्रकट किया है। इनमें प्रकृति का महत्व और विनाश दिखाया है:-

"ये कैसा आघात है,
कहीं बाढ़ तो कहीं बरसात है,
मानव खुद को समझकर अजेय,
प्रकृति को करने चला है विजय।"

"बादल गीत गाते रहे,
बूंदे धुन बनातीं रही,
चकवा चकवी चकित हो गये,
कुहासे कुठार एक हो गये,
आँखों के अश्रु अनेक हो गये।"

"प्रिय और प्रकृति दोनों हैं एक,
सच्चाई, सुंदरता और प्रेम का लेख।
एक दिल में बसती, एक जग में,
दोनों ही जीवन के मधुर राग में।"

इस तरह कविवर 'साहिल' ने ' **मेरे लफ़्ज़ों की गूंज** ' शीर्षक कविता संग्रह में अपने जीवन के दबे-कुचले, सहमें पहलुओं को अपनी लेखनी के माध्यम से कविताओं में व्यक्त करने का प्रयास किया है। आशा है कि इसको पढ़कर आप सभी पाठकों को अच्छा लगेगा।

"हर शब्द ,हर सांस, एक धड़कन की तरह गूंजता है,
दिल की गहराईयों से निकलकर,
फिर उसी दिल में समा जाता है"

अज्ञात

विषय-सूची

62. किताब
63. मिसाल
64. जन्म और मृत्यु
65. नदी और समुद्र
66. किरदार और कहानी
67. अवसर और चुनौती
68. सफलता और सफ़र
69. महक
70. जागीर
71. मददगार
72. कलाकार और कला
73. उड़ान
74. मुकाम
75. मझधार
76. भंवर और पतवार
77. कोशिश
78. समाज
79. खुदा
80. बहन का प्यार
81. जुबान और जज्बात
82. मेरे लफ़्ज़ों की गूंज ...
83. चरित्र
84. मामा के घर
85. दादा और दादी
86. बुढ़ापा
87. आग और पानी
88. शहर और गांव
89. समझ
90. बेटी की अहमियत
91. युवा
92. प्रिय और प्रकृति

मां

तूने मुझे पाला और नीचे गिरने पर उठाया मां,
जब भी ऐसा लगा कि मुझे किस चीज की जरूरत है,
तुमने सबसे पहले हाथ बढ़ाया मां,
कैसे मैं तेरी इस बात का मोल चुकाऊं,
इसके लिए तो जन्मों जन्म लग जाएं,
फिर भी न इसका मोल उतरेगा।
तुमने हर पल छाया देकर,
इस दुनिया की धूप से बचाया मां,
मेरे जीवन को सही पथ दिखाकर,
एक शिक्षक की भांति पढ़ाया है मां,
मैं भी तुम्हारी इच्छाओं को अनसुना करता रहा,
फिर भी तुमने कभी दोष न दिया मां,
तुमने अपनी इच्छाओं से पहले,
मेरी इच्छाओं को पूरा करना जरूरी समझा मां,
मैं फिर भी तुमको दोष देता रहा,
वो सब पढ़ लिखकर भी नहीं पा पाया,
जो तुमने मुझे मेहनत और मज़दूरी करके दिलाया मां।
वायदा है 'साहिल' का तुम्हारा सपना पूरा करके दिखाउंगा।

पिता

पिता हैं छाँव घने पेड़ों की,
थकान मिटाएं हर डगर की।
मौन रहकर भी सब कह जाते,
कर्तव्य निभाकर मुस्कुराते।

पिता हुें त्याग का गहरा सागर,
हर दुख को पीकर रहते जागर।
सपनों को अपने पीछे छोड़,
बच्चों के सपनों को देते मोड़।

पिता हैं साहस की दीवार,
जो बचाते हैं 'साहिल' को हर बार।
गिरने न देते आँधी में,
खड़े रहते हैं चट्टान की तरह।

मातृ भाषा हिन्दी

देश की जनता की भावनाओं को समेटने वाली,
आदिकाल से उत्पन्न होने वाली,
साहित्य की भाषा बनने वाली,
वो भाषा हिन्दी है।
जो भाषा सबको प्रिय और मीठी लगती,
जिसने कवियों और लेखकों के सुर बांधे,
भक्ति और रीति का संगम, वर्तमान में बनाने वाली,
सभी तरह के गुणों से संपन्न,
मील का पत्थर जो बनी,
वो भाषा हिन्दी है।
जिसने कवियों और कलाकारों के जीवन के पहलुओं को,
जनता तक पहुंचाया।
साहित्य का प्रतिबिंब और वाहक जो बनी,
वो भाषा हिन्दी है।
पाखंडों और अंधविश्वासों को जिसने ठुकराया,
सच्चा आध्यात्मिक ज्ञान जिसने हमें दिया,
तुलसी, सूर और मीरा की भक्ति को प्रवाहित किया,
मानवता का परिचय दिया जिसने,
वो भाषा हिन्दी है।
कर विश्व भ्रमण जिसने,

वसुधैवकटुंबकम् का सार बताया,
पूर्व और पश्चिम को जिसने मिलाया,
जो शिकागो में विवेकानंद जी के साथ गई,
वैश्विक पटल पर भारत का मान बढ़ाया,
वो भाषा हिन्दी है।
जिस भाषा का शब्द नित नवजात के मुख पर रहा,
पहले पुकारा था जिसने जहां पर,
हमेशा कहती है उनसे,यह मेरी नियति है,
जिस स्वर में हमने सुना 'मां' शब्द को,
वो भाषा हिन्दी है।
हिंदी ही सदा से प्रिय हमें और हमारे कर्ण- हृदय को,
आदि से आधुनिक काल तक साहित्य को,
जिसने संजोया और तराशा है,
अपने प्रवाह में जो बहती रही,
'साहिल' के साथ जो चले,
वो भाषा हिन्दी है।

बचपन

बचपन की वो प्यारी बातें,
मासूम हंसी, नन्हीं सौगातें।
खेल-खिलौनों की दुनिया रंगीन,
हर कोना लगता था स्वप्निल बगीचीन।

न चिंता कल की, न बोझ कोई,
हर पल में बस खुशियाँ ढोई।
कभी मिट्टी में घर बनाते,
कभी आसमान को छूने जाते।

मीठी शरारत, भोली अदाएँ ,
छोटे-छोटे सपनों की छायें ।
माँ की गोदी, पिता का साया,
हर दुख-दर्द से मिलता सहारा।

बचपन है जीवन का उत्सव,
निर्मल मन, सच्चा विश्वास।
वो सुनहरे पल लौट न पाएँ ,
पर 'साहिल' की यादों में सदा मुस्कुराएँ ।

कॉलेज की यादें

क्या पता था किसी दिन इस कॉलेज की ईंट इमारत से,
इस क़दर मोहब्बत हो जाएगी,
और जो आज परिस्थितियों की हकीक़त है
किसी दिन की यादों की सबसे खूबसूरत तस्वीर बना जाएगी,
यहां दोस्ती की दो महफ़िल सजी चुकी है,
एक तो यहीं पर छूट जाएगी और
एक हमारे साथ जिंदगी के सफ़र पर चली जाएगी।
आज वक्त को रोकने का जी चाहता है,
न जाने क्यों छूट जाने से डर लगता है,
बच्चे बनकर आए थे हम सब,
एक-दूसरे से कितने पराये थे हम सब।
कॉलेज में आकर ही हम सब एक हो गए,
हंसने खेलने के बहाने अनेक हो गए,
इस सफ़र की शुरुआत हुई थी तीन साल पहले,
क्लास इंट्रो से जो शुरू हुई थी।
जैसे तैसे करके हमने निकाला था पहला साल,
बहुत खुश हुए अब बचे हैं सिर्फ दो साल,
पहले सेमेस्टर ने हमारी असलियत दिखाई,
एक-दूसरे से बोले अब कुछ नहीं है बस में भाई।
सोचते थे कि कब यहां से जाएंगे,
अब यह भी पता नहीं कि आगे का समां पायेंगे या नहीं पायेंगे।
याद आयेगा हम सबको कॉलेज का यह दौर,
सुबह सुबह कॉलेज में आना,
वो नीरज सर का पहला लेक्चर लेना,
लेट होने पर दौड़ लगाना,
अटेंडेंस के लिए उनको मस्का लगाना,
राजेंद्र सर का एक एक क्लास का हिसाब रखना,
वो जसबीर सर के साहित्यिक अनुभव और ज्ञान,
वो जसविंदर सर की मीठी मीठी बातें,

वो वीरेंद्र सर का लोकप्रिय डांस स्टेप,
यह सब बहुत याद आयेगा हमें,
ना चाहते हुए भी इस भीड़ का हिस्सा हो गए,
ना जाने कब हम कॉलेज का एक किस्सा हो गए,
जिन बातों का दु:ख था आज उन्हीं से खुशी मिलती है,
न जाने दोस्तों क्यों दिल में कुछ और आता है।
आज वक्त को रोकने का जी चाहता है।
वो ज्योति मैम, सुनीता मैम और नेहा मैम का प्यार, स्नेह व वात्सल्य भाव
वो कुणाल सर की मुस्कुराहट जिसके कायल थे हम सब,
वो अंकलों के साथ सुबह शाम बातें करना,
और वो मेरे प्राण तत्वों दोस्तों के साथ मौज-मस्ती करना,
अब यह सब हमें कहां मिलेगा।
'साहिल' ने कुछ लिखा है और कुछ दिल में अब भी बाकी है,
शायद कुछ पल का साथ अब भी बाकी है,
डिग्री तक पहुंचकर भी कुछ छूट सा रहा है,
क्योंकि जा रहा है जो वक्त,
वो दोबारा आने से रहा,
इसलिए वक्त को रोकने का जी चाहता है।

देखा है...

मां तुमको देखा है मैंने,
कभी मज़दूरी करते हुए,
तो कभी एक एक पैसा बचाते हुए,
फिर भी देखा है।
कभी डांटकर समझाते हुए,
तो कभी प्यार करते हुए,
कभी समस्याओं का सामना करते हुए,
फिर भी देखा है।
कभी अभाव में देखा,
तो कभी दुखी देखा,
तो कभी जीवन जीते देखा,
फिर भी देखा है।
बच्चे से युवा बनाने की नीति देखी,
तो कभी अध्यापक का स्वरूप देखा,
फिर भी देखा है।
स्कूल भेजते देखा, कॉलेज भेजते देखा,
सुबह सवेरे घर के काम करते देखा,
सुख भी देखा और दु:ख भी देखा,
तुम्हारा रुतबा और सम्मान भी देखा,
फिर भी देखा है।

कभी जिंदगी जीने का ढंग देखा,
तो कभी समाज के साथ चलते देखा,
कभी तुम्हारा विवेक देखा,
तो कभी तुम्हारा विद्रोह देखा,
कभी तुम्हारी ममता देखी,
तो कभी तुम्हारा प्रेम देखा,
'साहिल' ने कलम चलाई,
तो शब्दों में तुम्हारा चेहरा देखा,
फिर भी देखा है।

भारत और हिंदी

आज हिंदी को बढ़ाने के लिए कोई तो हो,
हिन्द का अभिमान है हिंदी,
लाज भाषा की बढ़ाने वाला कोई तो हो,
है कबीरा अब कहां जो मन को अनहद नाद दे,
सूर, तुलसी और मीरा के विचारों का ज्ञान कराने वाला कोई तो हो।
विवेकानंद और दयानंद जी हुए श्रेष्ठ संत,
याद करे दुनिया, सदैव वो जन्म हो,
जीवन जिएं, कि लोग प्रेरणा ग्रहण करे,
महात्माओं जैसा आदर्श चरित्र हो।
क्रांतिकारियों ने अपने जीवन को न्योछावर किया,
धर्म, कर्म और ध्यान में बसा उनका बलिदान हो।
विश्व को समझकर जीवन का रंगमंच,
उस रंगमंचकार का स्मरण प्रतिक्षण हो।
जिन्होंने दिलाई हमें आजादी,
उन समाज-सुधारकों के लिए सदैव मन में नमन हो।
निज इष्ट देव का पवित्र हृदय सिंहासन हो,
ध्यान बस उसी का रहे, वो मन चाहिए,
पाहन की प्रतिमा भी प्राणवान हो,
उसको भक्त की भक्ति का धन चाहिए।
करती नहीं है भेद माँ भारती,

जैसे केरल , वैसे काश्मीर हो,
स्वार्थवाद हावी हुआ राजनीति पर,
अलगाव वाली नेताओं की तहरीर है,
देख अपनी ही संतानों के मध्य मचा घमासान,
भारत जननी के हृदय बड़ी पीर है।
विविधता में एकता, यही भारत की पहचान हो,
हर संस्कृति में रचा बसा ये भारत महान है,
हर कोने में बसी गंगा की धारा, हिमालय की शान हो,
रेगिस्तान की तपिश और समंदर की मुस्कान हो।
'साहिल' की मिट्टी में है खुशबू,
यहां के जल में जान है,
हर कण में बसा मां भारती का प्राण हो,
गर्व से कहो, ये वतन कल भी हमारा था,
आज भी हमारा है और आगे भी हमारा हो।

बात

बातों का भी रंग निराला,
कभी मीठा, कभी मतवाला।
कभी सुकून का झरना बनती,
कभी दिल में आग लगाती।

बातें जब हों प्यार भरी,
मन में खिलें कली कली।
जब हों कटु , तीर बन जाएं ,
रिश्तों की डोर तोड़ जाएं।

बातों से ही दिल जुड़ते हैं,
बातों से ही मन बिखरते हैं।
सही समय पर सही कहा,
तो जीवन में सुख बहा।

बात है तो रिश्ते गहरे,
बात है तो सपने सुनहरे।
बातों में ही छुपा संसार,
बातों से ही जीवन साकार।

बात है तो व्यापार है,
बात है तो यार है,
बातों से ही बना यह खुमार है,
'साहिल' के ऊपर बातों का प्यार बेशुमार है।

लक्ष्य

लक्ष्य वही है जो जीवन को दिशा देता है,
अंधेरों में भी मन को प्रकाश देता है।
राह कठिन हो, बाधाएँ अनगिनत आएँ,
संकल्प अडिग हो तो मंज़िल मिल ही जाए।

लक्ष्य बिना जीवन अधूरा सा लगता है,
हर प्रयास व्यर्थ और सपना बुझा सा लगता है।
पर जब ध्येय स्पष्ट हो मन के भीतर,
हर कदम बन जाता है सफलता का पथिक।

धैर्य और परिश्रम जब साथी बन जाते हैं,
तो असंभव भी संभव में बदल जाते हैं।
लक्ष्य वही है जो गिरकर उठना सिखाता है,
हार को जीत की सीढ़ी बनाता है।

इसलिए लक्ष्य को सदैव अपनाओ,
हर दिन उसे पाने का प्रण निभाओ।
'साहिल' का लक्ष्य ही देता है उसे सही विश्वास।

पल

पल तो बस एक झोंका है,
कभी हँसी में ढल जाता है,
कभी आँसू बनकर बह जाता है।

पल तो बस एक धड़कन है,
कभी दिल को सुकून देता है,
कभी बेचैनी में डूबो जाता है।

पल तो बस एक सपना है,
कभी आँखों में चमक भर देता है,
कभी अधूरा रहकर चुभ जाता है।

पल तो बस एक कहानी है,
कभी यादों में बस जाता है,
कभी समय की धूल में खो जाता है।

पल को थाम लो, जी लो,
क्योंकि यही पल जीवन है,
यही पल 'साहिल' का अनमोल धन है।

परिवार

घर की दीवारों में बसी है जो गर्माहट,
वह परिवार की धड़कनों से आती है।

सुख-दुख की हर राह पर संग चलते,
यह डोर कभी न टूटने पाती है।

माँ की ममता, पिता का सहारा,
भाई-बहन का प्यारा नज़ारा।

हँसी-खुशी के गीत यहाँ गाए जाते,
आँसू भी मिलकर पोंछे जाते।

संघर्षों में शक्ति, सपनों में उड़ान,
परिवार ही देता है जीवन को पहचान।

हर रिश्ते में छुपा है अपनापन,
यही है जीवन का सबसे बड़ा धन।

जहाँ मिलते हैं दिल बिना किसी शर्त,
वही परिवार है, 'साहिल' के जीवन की असली दौलत।

पंख

पंखों पर लिखी है उड़ान की कहानी,
हर पर में छुपी है आसमान की निशानी।

हवा से बातें करते, सपनों को छूते,
सीमाओं को तोड़ते, ऊँचाइयों को ढूँढते।

नन्हे पर हों या विशाल पंखों का विस्तार,
हर पर में छुपा है साहस का उपहार।

झोंकों से लड़ते, तूफ़ानों से भिड़ते,
पर ही तो हैं जो मंज़िल तक ले चलते।

धरती से आकाश तक का है ये सफ़र,
'साहिल' के जीवन की ताक़त हैं ये अनमोल पर।

दिल और धोखा

दिल इतना कच्चा था,
तो धोखे जैसा ऐसा काम क्यों किया।
प्रीति और विवाह की जो बातें की थीं,
वह अभिसार की मीठी स्मृतियां याद आयीं।
जब वह अपने उन्मुक्त उसांसों में,
अपनी नशीली चितवनों में,
मानों अपने प्राण निकाल कर उसके चरणों में रख देता था।
मगर धोखे और छल का जाल भी तो वहां था।
दो-चार राहगीर 'साहिल' की जिंदगी का तमाशा देखने खड़े हो गए।

कारवां

रेत के समंदर में, चलता है एक कारवां,
धूप की तपिश में भी, सपनों का आसमान।

ऊँटों की घंटियों की गूंज, जैसे कोई गीत पुराना,
हर कदम पर लिखता है, सफ़र का अफ़साना।

थकान से बोझिल पाँव, पर हौसले हैं जवान,
मंज़िल की तलाश में, चलता रहता कारवां।

रात की चांदनी में, तारों का संग-साथ,
अंधेरों को चीरकर, बढ़ता है हर एक हाथ।

कारवां सिर्फ़ सफ़र नहीं, एक विश्वास की पहचान,
जहाँ हर मुसाफ़िर सीखता है, 'साहिल' की राहों में छुपा है जहान।

चिराग

अंधेरों में जब राहें खो जाती हैं,
एक छोटा-सा चिराग उम्मीद जगाता है।
तेज़ आँधियों से लड़ता हुआ,
अपनी लौ से हौसला दिलाता है।

नन्हीं-सी रोशनी, पर शक्ति अपार,
अंधकार को चीरने का रखता है सार।
थकान भरे मन को सुकून दे जाता,
हर कोने में उजाला फैलाता।

चिराग सिर्फ़ रोशनी नहीं, प्रतीक है विश्वास का,
संघर्षों में डटे रहने का, हर प्रयास का।
जलता है खुद, पर औरों को राह दिखाता,
त्याग और सेवा का संदेश सुनाता।

जब जीवन में अंधेरा छा जाए,
चिराग की लौ याद आ जाए।
छोटा-सा दीपक भी बता देता है,
कि 'साहिल' पर कब सवेरा आता है।

जुदाई

तेरी यादों का साया अब भी साथ चलता है,
हर मोड़ पर तेरा नाम दिल से निकलता है।

खामोशियों में भी तेरी आवाज़ सुनाई देती है,
रात की तन्हाई में तेरी तस्वीर मुस्कुराती रहती है।

जुदाई का दर्द लफ़्ज़ों में कहां समा पाता है,
ये तो बस दिल की गहराइयों में उतर जाता है।

तेरे बिना हर खुशी अधूरी सी लगती है,
तेरे बिना ये दुनिया सूनी-सूनी सी लगती है।

मिलन की आस में हर पल गुज़र जाता है,
तेरे लौट आने का ख्वाब ही जीने का सहारा बन जाता है।

जुदाई ने सिखाया है मोहब्बत का असली मतलब,
तेरे बिना 'साहिल' को हर सांस भी अधूरी लगती है अब।

हौसले

हौसले वो दीप हैं, जो अंधेरों में भी जलते हैं,
तूफ़ानों से लड़कर भी, अपनी राह खुद चुनते हैं।

गिरकर भी जो उठ जाएं, वो हौसले कहलाते हैं,
मुश्किलों की राहों में, जो मंज़िल तक पहुँच जाते हैं।

पत्थरों से टकराकर भी, जो दरिया रुकते नहीं,
हौसले ही हैं वो जज़्बे, जो हार मानते नहीं।

सपनों को सच करने का, बस एक ही सहारा है,
हौसला अगर साथ हो, तो हर रास्ता हमारा है।

आंधियों से मत डरना, ये तो राह दिखाती हैं,
हौसले की लौ जलाकर, 'साहिल' की मंज़िलें पास आती हैं।

किस्मत

कभी धूप सी तपती है किस्मत,
कभी चाँदनी सी बरसती है किस्मत।
कभी राहों में कांटे बिछा देती,
कभी फूलों से सजती है किस्मत ।

मेहनत के पसीने से सींचो तो,
पत्थर भी सोना बन जाती है किस्मत ।
आलस की छाँव में बैठो अगर,
तो सपनों को रुला जाती है किस्मत।

कभी अनजाने दरवाज़े खोल देती,
कभी अपनों से भी दूर कर देती।
कभी आँसुओं में डुबो देती,
कभी हँसी की सौगात दे देती।

सच तो यही है, साथी बनाओ इसे,
शिकायतों से नहीं, कर्मों से सजाओ इसे।
क्योंकि किस्मत वही लिखती है कहानी,
जो 'साहिल' की मेहनत से रंग भरता है जुबानी।

मेहनत

पसीने की हर बूँद में छिपा है उजियारा,
मेहनत से ही सजता है जीवन का किनारा।
कांटों भरी राहें भी फूलों सी लगती हैं,
जब हौसले संग मेहनत की डोर बंधती हैं।

सपनों की ऊँचाई मेहनत से मिलती है,
हर ठोकर से इंसान की ताक़त खिलती है।
धैर्य और परिश्रम जब साथी बन जाते हैं,
असंभव भी संभव की राह दिखाते हैं।

मेहनत का फल मीठा, अमृत सा लगता है,
संघर्ष का हर पल जीवन को सजाता है।
जो थक कर भी रुकते नहीं, चलते जाते हैं,
वही इतिहास में अपना नाम लिखाते हैं।

इसलिए मेहनत को जीवन का आधार बनाओ,
हर कठिनाई को मुस्कुराकर स्वीकार बनाओ।
सच्ची लगन और कर्म से जो राह चुनोगे,
'साहिल' के सफर पर अपना नाम गुनोगे।

आंसू

आंखों की कोरों से ढलते,
मन की गहराइयों से पलते,
ये आंसू शब्दों के साथी हैं,
जो कह न पाए, वही बताते हैं।

खुशी में भी झलकते हैं,
दर्द में भी छलकते हैं,
कभी मोती बन चमकते हैं,
कभी सागर बन बहकते हैं।

ये दिल की भाषा होते हैं,
अनकही व्यथा के गवाह होते हैं,
कभी राहत का अहसास दिलाते,
कभी बिखरे मन को सुलझाते।

आंसू कमजोरी नहीं, ताकत हैं,
ये इंसानियत की पहचान हैं,
जो रो सके, वही जी सके,
'साहिल' जैसे ये जीवन की सच्ची उड़ान हैं।

अहसास

अहसास वो हल्की सी हवा है,
जो चेहरे को छूकर गुजर जाती है,
बिना आवाज़ किए दिल में एक मीठी सी लहर छोड़ जाती है।

अहसास वो धूप की किरण है,
जो ठंडी छाँव में उतर आती है,
मन के अंधेरों को चीरकर नई उम्मीद जगाती है।

अहसास वो नमी है आँखों की,
जो शब्दों से पहले बोल जाती है,
कभी दर्द बनकर, कभी खुशी बनकर
दिल की गहराइयों को खोल जाती है।

अहसास वो धड़कन है,
जो किसी अपने के पास होने का इशारा देती है,
बिना कहे, बिना सुने रिश्तों को और गहरा कर देती है।

अहसास ही जीवन की भाषा है,
जो हर दिल समझ लेता है, कभी मुस्कान में,
कभी खामोशी में 'साहिल' उसमें अपना रंग बिखेर देता है।

दुनिया

दुनिया एक रंगमंच है, जहाँ हर कोई किरदार है,
कभी हँसी की गूँज बिखेरता, कभी आँसुओं का भार है।

यहाँ सपनों की नदियाँ बहतीं, आशाओं के दीप जलते हैं,
कभी अंधेरों में डूब जातीं, कभी उजालों से पलटते हैं।

दुनिया एक किताब है अनोखी, हर पन्ना नई कहानी कहता,
कभी सच्चाई की झलक दिखाता, कभी भ्रम का जाल बुनता रहता।

यहाँ रिश्तों की डोरें जुड़तीं, तो कभी बिखर भी जातीं हैं,
मोहब्बत की खुशबू महकती, 'साहिल' के लिए नफ़रत की आँधियाँ आतीं हैं।

दुनिया एक सफ़र है लंबा, जहाँ ठहराव नहीं मिलता,
हर मोड़ पर सीखें मिलतीं, हर कदम पर अनुभव खिलता।

इस दुनिया को समझना मुश्किल, पर जीना आसान बनाना है,
प्यार, दया और सच्चाई से, इसे स्वर्ग सा सजाना है।

मेरे जीवन की यादें

यादें हैं जीवन की अनमोल निशानी,
कभी हंसी, कभी आँसू की कहानी।
बीते पलों की मधुर छवि,
मन में जगाती सुखद लहरें सभी।

बचपन की किलकारियां अब भी गूंजती,
खेलों की धुनें मन में झरतीं।
माँ की ममता, पिता का सहारा,
वो दिन थे सचमुच प्यारा।

यौवन की राहें, सपनों का संसार,
दोस्तों संग बिताए अनगिनत त्यौहार ।
हँसी-ठिठोली, गीतों की तान,
यादें बन गईं जीवन की जान।

संघर्ष के पल भी याद दिलाते,
कैसे गिरकर भी कदम बढ़ाते।
हर कठिनाई ने सिखाया यही,
हिम्मत से जीना है जीवन सही।

यादें हैं दीपक की लौ समान,
जो अंधेरों में देतीं पहचान।
जीवन की राहें चाहे बदल जाएँ,
यादें सदा मन को सहलाएं।

'साहिल' के जीवन की यादों का खज़ाना,
है सुख-दुख का अनमोल तराना।
हर पल को दिल में संजोकर रखूँ,
यादों से ही जीवन को सजाऊँ।

महफ़िल

महफ़िल में जब दीप जले,
हर चेहरा जैसे फूल खिले ।
हँसी की गूंज, सुरों की तान,
दिलों को जोड़ें, मिटाएं गुमान।

सजती है बातें, रंगों के संग,
हर लफ़्ज़ बने जैसे मधुर तरंग।
दोस्ती की खुशबू, अपनापन का रंग,
महफ़िल में मिलता है जीवन का ढंग।

कभी गीत, कभी ग़ज़ल की रवानी,
कभी कहानियों की सुहानी निशानी।
हर दिल से उठती है एक दुआ,
खुशियों से भर जाए हर दिशा।

महफ़िल है आईने सा संसार,
जहाँ दिखे 'साहिल' का असली प्यार।
साथ मिलकर जो पल बिताए,
वो यादें सदा दिल में समाए।

मंज़िल

राहों में धूप है, कहीं छाँव भी,
कदमों के नीचे कांटे हैं, कहीं घास भी।
हर मोड़ पर ठहराव का इम्तिहान है,
पर आगे बढ़ना ही असली पहचान है।

मंजिल पुकारती है हर थके मुसाफिर को,
सपनों की लौ जगाती है दिल के भीतर को।
गिरकर उठना, फिर चलना, यही सफ़र का गीत है,
हौसलों से ही बनता इंसान का प्रीत है।

जो थककर बैठ जाए, वो पीछे रह जाता है,
जो दर्द को सह ले, वही आगे बढ़ पाता है।
मंज़िल कोई जगह नहीं, एक एहसास है,
मेहनत और विश्वास का ही विश्वास है।

चलते रहो, रुकना मत, चाहे राह कठिन हो,
हर कदम पर जीत है, अगर जज्बा संगिन हो।
मंज़िल उसी की होती है, जो हार नहीं मानता,
सपनों को सच करने का साहस 'साहिल' पहचानता।

कर्तव्य

कर्तव्य है जीवन का आधार, जिससे मिलता हर काम में सार।
निष्ठा से जो इसे निभाए, वह सच्चे सुख को अपनाए।

कर्तव्य पथ कठिन हो सकता, पर यही सफलता का रथ बनता।
त्याग, परिश्रम और विश्वास, लाते जीवन में उज्ज्वल प्रकाश।

स्वार्थ से ऊपर उठना सिखाए, मानवता का दीप जलाए।
कर्तव्य ही धर्म का रूप है, यही जीवन का अनूप स्वरूप है।

जो कर्तव्य को मानते हैं, वे सदा ऊंचाई पाते हैं।
कर्तव्य पालन से ही 'साहिल', बनता है सच्चा महान।

चेहरे

चेहरा आईना है मन का,
हर भाव लिखता है क्षण का।
मुस्कान खिले तो रोशनी फैले,
आँसू गिरें तो बादल छाए।

चेहरे पर झलकती है थकान,
फिर भी छुपा लेता है अरमान।
कभी सख़्त, कभी कोमल सा,
कभी मौन , कभी बोलता सा।

झुर्रियों में छिपी कहानियाँ,
हँसी में बसी जवानियां।
चेहरा सिर्फ़ पहचान नहीं,
जीवन की पूरी दास्तान है यही।

चेहरे पर लिखा हर रंग,
दिल की गहराई का संग।
चेहरा है कविता की तरह,
'साहिल' हर पंक्ति में छुपा सागर सा।

राह

राहें अनगिनत, सपनों से भरी,
कभी धूप में तपती, कभी छाँव में ठहरी।
कदमों की आहट से गूंजती हैं ये,
हर मंज़िल की चाहत से जुड़ती हैं ये।

कभी पथरीली, कभी फूलों सी नरम,
कभी आसान, तो कभी कठिनतम।
हर मोड़ पर सिखाती हैं सबक नया,
चलते रहो, यही है इनका कहा।

राहें थकान भी देती हैं, उम्मीद भी,
अंधेरों में रोशनी की तसदीक भी।
जो ठहर गया, वो पीछे रह गया,
जो बढ़ता रहा, वही आगे बढ़ गया।

राहें मंज़िल से ज़्यादा प्यारी लगती हैं,
क्योंकि सफ़र में ही ज़िंदगी सजती है।
हर कदम पर कहानी बनती जाती है,
राहें ही 'साहिल' को पहचान दिलाती हैं।

प्रकृति का क्रोध

नदियाँ उफनती, पर्वत काँपते,
आकाश में बिजली के तीर बरसते।
धरती की गोद जब थरथराती, मानव की शक्ति क्षणभर में मिट जाती।

पेड़ों की जड़ें जब उखड़ने लगतीं,
समंदर की लहरें नगर निगलतीं।
हवा का झोंका जब तूफ़ान बन जाए, सभ्यता का गर्व पल में ढह जाए।

प्रकृति सहनशील, दयालु, विशाल,
पर अन्याय सहती नहीं हर बार।
जब लोभ से मानव सीमा लांघे, तो क्रोध बनकर प्रलय बरसाए।

'साहिल' का संदेश यही है हर आपदा का,
सम्मान करो इस धरा-माता का।
संतुलन रखो, स्नेह निभाओ, प्रकृति को अपना मित्र बनाओ।

आईना

आईना चुपचाप खड़ा रहता है, हर चेहरे की परतें पढ़ लेता है।
सच और झूठ का फर्क नहीं करता, बस जो सामने है, वही कहता है।

कभी मुस्कान लौटाता है, कभी आँसू भी दिखा जाता है।
चेहरे की थकान, आँखों की चमक, सब कुछ साफ़-साफ़ बता जाता है।

आईना न कोई सवाल करता है, न कोई जवाब देता है।
वह तो बस एक साथी है, जो हर दिन नया रूप देता है।

आईना सिखाता है-खुद से न भागो, खुद को पहचानो।
चेहरे के पीछे छिपे मन को थोड़ा और गहराई से जानो।

आईना टूट भी जाए तो हज़ार टुकड़ों में बिखर जाता है,
पर हर टुकड़ा फिर भी 'साहिल' का सच ही दिखलाता है।

मोहब्बत

मोहब्बत एक नर्म सी धड़कन है, जो दिल की गहराइयों में उतर जाती है।
ये वो खामोश मुस्कान है, जो बिना कहे सब कुछ कह जाती है।

मोहब्बत एक अधूरी ख्वाहिश भी है, और पूरी हुई दुआ भी।
ये वो सफर है, जहाँ मंज़िल से ज़्यादा रास्ते की अहमियत होती है।

मोहब्बत में वक्त ठहर जाता है, हर लम्हा एक कहानी बन जाता है।
ये वो एहसास है, जो आँखों से बहकर दिल तक पहुँच जाता है।

मोहब्बत कोई सौदा नहीं, ये तो बस एक अर्पण है।
जहाँ खुद को खोकर भी, इंसान खुद को पा लेता है।

मोहब्बत वो रौशनी है, जो अंधेरों में भी राह दिखा देती है।
ये वो दुआ है, जो हर दिल को 'साहिल' से मिला देती है।

ख्वाब

ख्वाब वो रंग हैं,
जो आँखों के कैनवास पर बिना ब्रश के उतर आते हैं।
ख्वाब वो रास्ते हैं,
जहाँ मंजिलें खुद चलकर दिल के दरवाज़े पर दस्तक देती हैं।

ख्वाब वो परिंदे हैं,
जो पिंजरे की सलाखों से भी आसमान नाप लेते हैं।
ख्वाब वो दीपक हैं,
जो अंधेरों में भी उम्मीद की लौ जलाए रखते हैं।

ख्वाब वो धड़कन हैं ,
जो थकान से टूटी साँसों को फिर से जीने का सबक देती हैं।
ख्वाब वो सच हैं ,
जो अभी अधूरे हैं, पर कल की सुबह उन्हें पूरा करने का 'साहिल' हौसला बन जाते हैं।

ख़ुशी

ख़ुशी कोई मंज़िल नहीं, ये तो एक सफ़र है,
छोटी-छोटी बातों में छुपा दिल का असल असर है।

सवेरे की ठंडी हवा में, बच्चों की मासूम हँसी में,
बरसात की पहली बूंद में, माँ के दुलार भरे स्पर्श में।

ख़ुशी है दोस्त का साथ, बिन कहे समझ जाना,
थके मन को सुकून देना, और आँसू को मुस्कान बनाना।

ये दौलत से नहीं मिलती, न ही शोहरत से जुड़ी है,
ख़ुशी तो दिल की वो धड़कन है, जो अपनों से जुड़ी है।

'साहिल' की ख़ुशी बाँटने से बढ़ती है, ये दिलों को जोड़ती है,
जहाँ प्यार और अपनापन हो, वहीं असली ख़ुशी मिलती है।

मशाल

अंधेरों की गहराइयों में, जब राहें खो जाती हैं,
एक लौ उठती है, साहस की सांसों से जलती है।

मशाल सिर्फ आग नहीं, यह उम्मीद का प्रतीक है,
थके कदमों को दिशा देती, भटके मन को संगीत है।

तूफानों से लड़ती हुई, बरसातों में भी जलती है,
मशाल बताती है-रोशनी कभी हारती नहीं।

यह हाथों से हाथों तक जाती, सपनों को जोड़ती है,
हर पीढ़ी को याद दिलाती, कि अंधेरा स्थायी नहीं होता।

मशाल है संघर्ष की गवाही, मशाल है विश्वास की निशानी,
जहाँ भी उठती है यह लौ, वहाँ जन्म लेती है 'साहिल' की नई कहानी।

परीक्षा

परीक्षा का मौसम आया, मन में हलचल छाया।
किताबों संग दिन-रात, सपनों में भी प्रश्न-पत्र हाथ।

पन्नों पर शब्दों की भीड़, यादों का चलता है पीड़।
कभी लगे सब याद हुआ, कभी मन घबराया हुआ।

घड़ी की टिक-टिक बढ़ाए डर, उत्तर लिखने की हो फिकर।
परिश्रम का फल मीठा होता, सच्चा प्रयास कभी न खोता ।

परीक्षा बस एक पड़ाव है, 'साहिल' के जीवन का सुंदर प्रभाव है।
हिम्मत रखो, मन मत हारो, ज्ञान की ज्योति संग आगे बढ़ो।

तलाश

तलाश है उस रोशनी की, जो अंधेरों के पार ले जाए,
तलाश है उस सुकून की, जो थके मन को सहलाए।

तलाश है उन सपनों की, जो आँखों में चमक जगाएँ,
तलाश है उस मंज़िल की, जहाँ कदम खुद-ब-खुद पहुँच जाएँ।

तलाश है उस सच्चाई की, जो झूठ के पर्दे हटाए,
तलाश है उस रिश्ते की, जो बिना कहे सब समझ जाए।

तलाश है उस मुस्कान की, जो दिल से दिल तक पहुँच जाए,
तलाश है उस जीवन की, जहाँ हर पल नया रंग दिखाए।

तलाश है, और रहेगी हमेशा, क्योंकि तलाश ही तो 'साहिल' का जीवन है,
हर खोज में छुपा है सफ़र, और सफ़र ही असली धन है।

वजूद

वजूद की तलाश में भटकते हैं कदम,
कभी आईनों में, कभी परछाइयों में।

सवाल उठते हैं-क्या हूँ मैं?
एक नाम, एक चेहरा, या बस सांसों का सिलसिला?

वजूद तो शायद उन लम्हों में है,
जहाँ दिल धड़कता है किसी और की मुस्कान से।

जहाँ खामोशी भी कह जाती है सब कुछ,
जहाँ दर्द भी एक पहचान बन जाता है।

वजूद कोई मंज़िल नहीं, ये तो सफ़र है-
हर गिरावट, हर उड़ान, हर अधूरी ख्वाहिश का बयान।

और शायद वजूद वही है,
जब दुनिया कहे कि 'साहिल' तेरे होने से फर्क पड़ता है।

वक्त

वक्त की रफ़्तार को कोई रोक नहीं सकता,
ये बहता दरिया है, जो थम नहीं सकता।

जो वक्त को समझे, वही जीवन जी लेता है,
जो इसे गंवा दे, पछतावे में ही रह जाता है।

वक्त सिखाता है धैर्य, वक्त देता है आस,
वक्त ही बनाता है इंसान को ख़ास।

न करो घमंड इस पर, न करो उपेक्षा,
वक्त का हर लम्हा है जीवन की परीक्षा।

संभाल लो इसे, तो किस्मत सँवर जाएगी,
गँवा दिया अगर, तो राह भटक जाएगी।

वक्त ही सबसे बड़ा शिक्षक है संसार में,
जो सीखा इसे, वही सफल है हर बार में।

'साहिल' कहता है खुशियाँ, कभी ग़म का पैग़ाम,
हर पल बदलता है, यही है इसका काम।

सिफ़त

सिफ़त है जैसे सुबह की रौशनी,
मन को छू ले, दे नई ज़िंदगी।
उसकी मुस्कान में है सुकून का रंग,
हर लम्हा बन जाए मीठा सा संग।

सिफ़त की बातें जैसे झरनों की धुन,
दिल को कर दें हल्का, मिटा दें ग़म-गुन ।
उसकी सोच में है गहराई का समंदर,
हर शब्द उसका लगे जैसे सुंदर।

सिफ़त है दुआओं का प्यारा असर,
हर दिल में छोड़ दे अपनापन का सफ़र ।
उसकी मौजूदगी है जैसे खुशबू का गीत,
हर ओर फैला दे मोहब्बत की प्रीत।

सिफ़त का नाम है उजाले की पहचान,
उससे ही खिलता है हर अरमान।
वो है दोस्ती, वो है अपनापन,
सिफ़त है 'साहिल' के जीवन का सबसे सुंदर दर्पण।

तासीर

हर चीज़ की होती है तासीर,
कभी ठंडी, कभी गर्म, कभी नमी से भरपूर।
जैसे मिट्टी की खुशबू बरसात में,
वैसे ही इंसान की फितरत उसके हालात में।

तासीर है धूप की, तपिश से जलाने वाली,
तासीर है चाँदनी की, दिल को सुकून दिलाने वाली।
तासीर है शब्दों की, कभी मरहम, कभी ज़हर,
तासीर है खामोशी की, जो कह दे सब कुछ बिन कहे।

फल की मिठास, जड़ी-बूटी की कड़वाहट,
हर स्वाद में छुपी है तासीर की आहट।
रिश्तों की भी होती है तासीर,
कभी अपनापन, कभी दूरी की लकीर।

तासीर है मौसम की, बदलते रंगों में,
तासीर है दिल की, धड़कते जज़्बातों में।
हर लम्हा, हर एहसास, हर चीज़ का असर,
तासीर ही तो है, जो बनाती है 'साहिल' के जीवन का सफ़र ।

नज़राना

नज़राने में क्या रखा है,
ये तो दिल की सच्चाई का आईना है।
सोने-चाँदी की चमक फीकी पड़ जाती,
जब भावनाओं का दीपक जल जाता है।

नज़राना वो नहीं जो बाज़ार से खरीदा जाए,
ये तो वो है जो आत्मा से दिया जाए।
कभी एक मुस्कान, कभी एक दुआ,
कभी चुपचाप बहती आँखों की नमी भी नज़राना है।

नज़राना फूलों का हो सकता है,
या शब्दों की कोमल छुअन का।
कभी हाथ थाम लेने का साहस,
कभी मौन में छिपे अपनापन का।

नज़राना छोटा हो या बड़ा,
उसका मोल नहीं आँका जा सकता।
क्योंकि असली नज़राना वही है,
जो दिल से दिल तक पहुँचता।

नज़राना सिर्फ़ वस्तु नहीं,
ये रिश्तों की डोर का गहना है।
जहाँ सच्चाई और प्रेम हो,
वहीं 'साहिल' का नज़राना सबसे अनमोल होता है।

सुंदरता

सुंदरता है एक मधुर मुस्कान,
जो अंधेरों में भी भर दे प्रकाश का गान।
यह केवल चेहरे की चमक नहीं,
बल्कि हृदय की गहराइयों की झलक है सही।

सुंदरता है दया की कोमल छाया,
जो हर दुखते मन को दे सुकून का साया।
यह आँखों की चमक से परे, आत्मा की निर्मलता में बसे।

सुंदरता है सादगी का श्रृंगार,
जो बिना बोले कह दे हजार विचार।
यह फूलों की खुशबू, नदियों की धार,
पर्वतों की ऊँचाई, आकाश का विस्तार।

सुंदरता है प्रेम का अहसास,
जो जोड़ दे दिलों को बिना किसी प्रयास।
यह हर जगह है, हर रूप में छिपी,
बस देखने वाली दृष्टि हो सच्ची।

सुंदरता है जीवन का संगीत,
जो हर पल को बना दे अनोखा और अतीत।
यह भीतर से बाहर तक बहती धारा,
जो बना दे 'साहिल' को सचमुच प्यारा।

आज़ादी

लहू से सींची धरती ने, स्वप्न स्वतंत्रता का बोया था।
बलिदानों की अग्नि में तपकर, भारत ने सूरज संजोया था।

जंजीरों को तोड़ दिया हमने, हिम्मत से इतिहास लिखा।
गुलामी की रात अंधेरी थी, पर सुबह ने उजियारा दिखा।

आज़ादी केवल शब्द नहीं है, ये कर्तव्य, संघर्ष, विश्वास है।
हर दिल में जोश जगाती है, ये भारत की पहचान खास है।

संविधान की शपथ दिलाती, समानता का दीप जलाती।
भाईचारे की राह दिखाती, न्याय की गंगा बहाती।

आओ मिलकर प्रण ये लें, देश का मान बढ़ाएँगे।
'साहिल' आज़ादी की इस अमानत को, सदैव सुरक्षित बनाएँगे।

कदम

कदम का पेड़ खड़ा है चुपचाप, धरती से जुड़ा, आकाश के पास।
हरी-भरी शाखों में जीवन का गीत, छाँव में मिलती है सुकून की प्रीत।

गर्मी की धूप में ठंडी छाँव, थके हुए मन को देता आराम।
पत्तों की सरसराहट में छिपा संदेश, धैर्य और स्थिरता का अनमोल उपदेश।

फूलों की खुशबू, रंगों की छटा, मन को भाती है इसकी सरलता।
पक्षियों का बसेरा, बच्चों का खेल, कदम के नीचे हर पल है मेल।

समय बदलता, ऋतु बदलती, पर कदम की छवि सदा अडिग रहती।
'साहिल' जीवन की राह में देता है ज्ञान, स्थिर रहो, बढ़ते रहो, यही है पहचान।

अदम्य साहस

तूफ़ानों से जो टकराए, अंधेरों में भी दीप जलाए।
गिरकर हर बार उठ खड़ा हो, पथरीली राहों पर भी बढ़ता चला हो।

साहस वही जो हार न माने, कठिनाइयों में भी मुस्कान सजाए।
जो पर्वत को भी ललकारे, और सागर की गहराई नापे।

अदम्य साहस है वो शक्ति, जो डर को भी बना दे भक्ति।
जो असंभव को संभव कर दे, और जीवन को उजियारा भर दे।

संघर्षों से 'साहिल' न घबराए, हर बाधा को अवसर बनाए।
वही है सच्चा वीर इंसान, जिसका साहस है अडिग, महान।

मैं बेबाक रहता था

अब मायूस-सा हो गया हूं,
न जाने कौन सा एक पड़ाव आया,
उसने मेरी खुशियां ही छीन ली,
अब यह लगता है, छोड़ दूं ये सारी दुनिया,
ये तमाम लोग और मंजिलें,
अब ये मेरे किस काम की।
खुश रहने वाला लड़का,
आज अपने लिए ही चिंतित हो गया है,
सोचता रहा कि सभी सुख और दुःख के साथी हैं,
लेकिन इस जिंदगी के सफर को अकेले ही पूरा करना पड़ता है।
इसका तो सिर्फ एक ही असूल है,
बेबाक और निडर रहो,
न ही इतने कष्ट हो।
फिर भी उनके लिए रब से दुआ ही मांगूंगा,
जिन्होंने मुझे इस क़दर बना दिया,
कि मैं अपने पैरों पर खड़ा हो सकूं,
उन्हें यह दिखा सकूं कि मैं भी कुछ कर सकता हूं।
इसलिए तो 'साहिल' क्या खूब लिखता है-
लोग आते जाते रहते हैं,
परवाह न करना अपनी जिंदगी अपने अनुसार जीना।

प्रकृति की अजेयता

ये कैसा आघात है,
कहीं बाढ़ तो कहीं बरसात है,
मानव खुद को समझकर अजेय,
प्रकृति को करने चला है विजय।
तुमने जगह जगह किया प्रकृति का दोहन,
अब तो प्रकृति करेगी अपनी शक्ति का प्रदर्शन।
प्रकृति ने तुम्हें किया जगह जगह पर अगाह,
पर तू माना नहीं।
अब देख ले किस तरह प्रकृति,
अपनी हानि का ले रही है बदला,
फिर भी तेरा स्वभाव नहीं बदला।
हर बार इससे मिली चेतावनी,
लेकिन इसके बावजूद भी तू नहीं माना।
जब तक प्रकृति का साथ तेरे साथ है,
तब तक तेरा जीवन है।
इसलिए ना कर प्रकृति का नाश,
नहीं तो यह कर देगी तेरा सर्वनाश।
कहता है 'साहिल' प्रकृति को करो प्रेम
और प्रकृति की दुनिया से करो रक्षेम।

जिंदगी की अहमियत

ये जिंदगी का कैसा इम्तिहान है,
कहीं पर मौत, तो कहीं पर दुःख और दर्द का फरमान है।
जिंदगी को जीना और काटना,
मानव का दस्तूर है।
हंसकर जियें या दुःख में काटें,
वो जिंदगी जीने का कहना है,
क्या लेकर आए थे,
क्या लेकर जाना है,
कारण तो सिर्फ जीने और मरने का बहाना है,
हर जगह पर जिंदगी का बहुत बड़ा इम्तिहान है,
कहीं रुलाना और कहीं हँसाना ,
इसका बड़ा योगदान है।
जिंदगी ज़ख़्मी है, मनुष्य घायल है,
बस अंतर इतना ही है,
हर पड़ाव पर जिंदगी-जीवन और 'साहिल' है।
हमें जिंदगी के साथ चलना भी है
और इसको अपने साथ चलाना भी है।

किस्मत और किरदार

तुम्हारे नयन मेरे लिए नीर हैं,
मेरे लफ़्ज़ों में इश्क के लिए बड़ी पीर है।
समय बीत जाता है तुम्हारे ख्यालों में,
तुम्हारा नज़राना मेरे जीवन का समीर है।
भूल गया था वक्त की तासीर को,
तुम्हारे साथ बिताया वो हर पल,
मेरी किस्मत की लकीर है।
परवाना बन गया हूं दुनिया का,
हर रिश्ते में बंधी ही नई तक़दीर है।
लेकिन आजकल अपने अपने ही न रह गये,
जब हमने दिल्लगी करना सीख लिया है,
अब तो दिल में एक ही बात आती है,
'साहिल' तुम्हारे इश्क का फकीर हो गया है।

जिंदगी की तस्वीर में

मैंने जिंदगी की राह में,
कई मुकाम देखें हैं।
उन मुकामों पर मैंने अपने कई नाम देखें हैं।
लोगों के चेहरे के आर पार,
खुद की कहानी देखी है।
उस कहानी में खुद की कहानी ही बदलती देखी है।
मैं जैसा हूं, उसके विपरीत,
उनके आइने में अपनी परछाई देखी है।
मैंने उनकी जिंदगी की राह में,
अपनी एक अलग राह देखी है।
क्योंकि मैंने उनकी नहीं, खुद से खुद के आईने में,
अपनी अलग पहचान देखी है।
मोहब्बत उसको मिलती है, जिसका नसीब होता है।
बहुत कम हाथों में ये मोहब्बत की लकीर होती है।
कभी कोई अपनी मोहब्बत से न बिछड़े,
कसम से ऐसे हालात में बहुत तकलीफ़ होती है।

इश्क की तबाही....

इश्क ने क्या खूब तबाही मचा रखी है,
आधी दुनिया पागल, तो आधी दुनिया शायर बना रखी है।
जब इश्क मिला तो ऐसा लगा,
क्या पता यह दिल में न उतर जाए,
हम समझते थे कि इश्क जख्म है, भर जायेगा,
हमें क्या ख़बर थी कि यह तो दिल में उतर जायेगा।
वादा करता हूं इस इश्क का इंतजार करूंगा,
लेकिन तुम्हारे आने का इंतजार करूंगा।
पल तुम्हारे जाने के बाद तुमसे ही इश्क करूंगा।
माना कि तुम्हारा इश्क मेरे जिंदगी के लिए नहीं है,
फिर भी तुम्हारे इश्क को पाने के लिए रब से दुआ करूंगा।
'साहिल' ने सही कहा है ---
अगर प्यार करेगा, तो बिखर जायेगा, बिखर जायेगा ।

किताब और प्रियतमा....

सोचता हूं कि तेरी अदा पर किताब लिखूं,
पर डर लगता है कि पढ़ने वाले दिवाने न हो जायें।
तुम्हारे साथ मिलने का इंतजार रहेगा,
फिर भी तुमसे न रहा जायेगा,
जब लगा कि दिल बस में नहीं है,
तो मालूम हुआ कि इश्क ने किसी को छोड़ा नहीं है,
फिर भी इसके लिए दिल में सुकून सा मिला है,
तुम्हारे होने का साहस सा मिला है,
तुम्हारे मिलने का सहसा ही अलग है,
तुम्हारी राह में खिला हर फूल सा मिलता है,
मेरे लफ़्ज़ों की दुआ मुकम्मल हो,
'साहिल' ने क्या खूब लिखा है,
क्या पता तुम्हारा दिल इश्क में न पड़ जाए,
सिफ़त ऐसी है कि लिखी हर बात शायरी न बन जाए।

हम पायेंगे कहां...

आपसे दूर होकर ,
हम जाएंगे कहां?
आप जैसा दोस्त,
हम पाएंगे कहां?
दिल को कैसे भी संभाल लेंगे,
पर आंखों के आंसू,
हम छिपाएंगे कहाँ?
जीवन तो फिर भी जी ही लेंगे,
पर आपसे मिली सीख,
हम पाएंगे कहां?
ख्वाबों के अंधेरे में पले हैं हम,
लेकिन प्यार का प्रकाश,
हम पाएंगे कहां?
टूट जाते हैं रिश्ते छोटी सी चोट से,
पर इनसे मिली पहचान,
हम पाएंगे कहां?

कमजोर लोग,
देश के युवाओं को शक्तिशाली,
बना पायेंगे कहां?
'साहिल' से खेलती हैं लहरें ,
दिल का पैगाम भिजवायेंगे कहाँ?

जीवन बाकी है...

मैं जब कुछ नई चीज सीखता हूं,
तो मेरा मन कहता है,
और सीखना अभी भी बाकी है।
हर पल ऐसा जियें कि,
लगे अभी भी जीवन जीना बाक़ी है।
जीवन तो हर कोई काटता है,
सोचें कि अभी भी पहचान बनानी बाकी है।
ज्ञान पाने के लिए किताब की जरूरत नहीं,
उसके लिए तो दुनिया ही काफी है।
लोग सिखाते हैं बोहोत कुछ,
उनको सिखाना अब भी बाकी है।
माता-पिता तो देते हैं साथ हर पल,
'साहिल' अब अपना फर्ज निभाना बाकी है।

बदलती रही...

कलम बदल गई, स्याही बदल गई,
बदल गए सब रंग भाई,
पेड़ों को काटकर, बनाये थे जो पन्ने,
उन पर लिख रहे भ्रष्टाचार के सिपाही,
वो परिवार रहे ना ,वो यार रहे,
ना रहे वो सगे भाई,
दर-दर पर कर रहे जीवन की भरपाई,
राजनीति की किताब में,
कहीं बची नहीं है, जीवन की अगुवाई,
नेताओं के पास रह गई है जनता की कमाई,
वो खान-पान रहा ना, ना रहे वो संस्कृति,
बदल गये सबके संसार,
रंग भी बेरंग हो गया,
जीवन जगत खेल हो गया, ना जी पायी ब्याही,
आज लड़कियां वस्तु हो गई,
रक्षक बन गए कसाई।
देखकर 'साहिल' दुनिया के सप्तरंग,
हो गया साहित्य के संग।

प्रकृति और दुनिया

बादल गीत गाते रहे,
बूंदे धुन बनातीं रही,
चकवा चकवी चकित हो गये, कुहासे कुठार एक हो गये,
आँखों के अश्रु अनेक हो गये।
बिजली धरती के लिए चमत्कार हो गई,
आंधी तूफान की जिंदगी में बहार हो गई,
आंखों से आंखें लड़ी, चार दिन की जिंदगी पार हो गई,
नदियों की जिंदगी में बहार हो गई।
आंखों के आंसू मोती बन गये,
हंसने रूलाने के बहाने अनेक हो गये,
जिंदगी अब किताबी हो गई,
सभी लोग कवि और लेखक बन गए।
महात्मा आदर्श चरित्र हो गए,
लोग अच्छे बनकर पवित्र हो गए,
दुनिया के विचार पाखंडों और अंधविश्वासों से घिर गए,
'साहिल' के विचार अपार हो गए।

वो कहती...

कहती है मेरे पास वक्त नहीं है,
तुम्हारे ऊपर खराब करने के लिए,
मैंने अपना वक्त बचाना सीख लिया है।
वो समय नहीं रहा,
जिसको बुरा माना जाता था,
लोगों ने इसको अपना गुलाम बनाना सीख लिया है।
आप और तुम में ये अंतर कर दिया है,
कि एक सम्मान है और एक दोस्त,
मैंने उस अंतर को दिखाना सीख लिया है।
कहती है अब वह दोस्त नहीं रहा,
मुझसे बात करने वाला,
जिस दोस्त की तस्वीर दिल में समाई है,
'साहिल' ने वो दोस्त मनाना सीख लिया है।

रिश्ते

रिश्ते वो धागे हैं, जो दिलों को जोड़ते हैं,
बिन कहे ही सब समझते, खामोशी में भी बोलते हैं।

कभी मुस्कान बन जाते, कभी आँसू पोंछ जाते,
तूफ़ानों में सहारा बन, सपनों को सच कर जाते।

रिश्ते सिर्फ खून से नहीं, एहसासों से भी बनते हैं,
छोटे-छोटे लम्हों में, जीवन को रंग भरते हैं।

इनकी डोर नाजुक होती, पर विश्वास से मज़बूत होती,
सच्चाई और अपनापन, हर दूरी को छोटा करती।

